पंजीकरण सं. जिला / ईस्ट / सोसायटी / 312 / 2012
राजभाषा कार्यान्वयन एवं प्रशिक्षण मिशन (राकामि) (पंजी.)
राजभाषा हिंदी के प्रशिक्षण एवं प्रचार–प्रसार हेतु समर्पित

सेवा में,
सचिव/संयुक्त सचिव (प्रशासन) - सभी मंत्रालय/विभाग
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक - सभी सार्व. उपक्रम/निगम/बैंक
आयुक्त, निदेशक/महाप्रबंधक (एचआर), परियोजना निदेशक

**विषयः राकामि के संकाय सदस्यों/प्रशिक्षकों द्वारा कार्यालयी हिंदी प्रशिक्षण/एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला**

महोदय/महोदया,
राजभाषा कार्यान्वयन एवं प्रशिक्षण मिशन (राकामि) विगत अनेक वर्षों से हिंदी अनुवाद कार्य से जुड़ा रहा है और विभिन्न मंत्रालयों यथा योजना मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय, संस्कृति मंत्रालय, पंचायती राज मंत्रालय, श्रम मंत्रालय आदि की वार्षिक रिपोर्ट, बजट आदि के हिंदी अनुवाद में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। राकामि विभिन्न मंत्रालयों/सरकारी विभागों/सरकारी कार्यालयों आदि की जरूरत के मद्देनज़र एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन भी करता है।

राकामि के कार्यालयी हिंदी प्रशिक्षण/एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला कार्यक्रम को वैज्ञानिक एवं तकनीकी आधार पर विकसित किया गया है। इसमें व्यावहारिक निपुणता का ज्ञान प्रोजैक्टर के माध्यम से अत्यंत सरल एवं रोचक प्रक्रिया द्वारा कराया जाता है। **आप इस कार्यक्रम के दोनों सत्रों के लिए संलग्न विषयों के अलावा अपनी आवश्यकता के अनुसार हमें विषय दे सकते हैं, जैसे राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय की तिमाही रिपोर्ट भरना आदि।**

**हमने हाल ही में डीआईपीआर-डीआरडीओ सहित अन्य सरकारी कार्यालयों/सार्व. उपक्रमों में एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का सफल आयोजन किया है।**

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि संसदीय राजभाषा समिति के आदेशानुसार प्रत्येक कार्यालय में हिंदी कार्यशाला आयोजित करने की बाध्यता है और उनके द्वारा किए जाने वाले निरीक्षणों में हिंदी शिक्षण एवं प्रशिक्षण पर बहुत जोर दिया जाता है। हम इसके दृष्टिगत हिंदी कार्यशाला आयोजित करने में अपना सहयोग देते हैं।

आपसे विनम्र अनुरोध है कि यह कार्यक्रम अपने कार्यालय में कराने का कष्ट करें।

आपका
पवन कुमार जैन
(पवन कुमार जैन)
अध्यक्ष, रा.का.प्र.मि.

**नोटः** हम प्रत्येक कार्यालय के समय और श्रम में कमी करने के साथ उसके अधिकारियों को उत्कृष्ट, गुणवत्तापूर्ण हिंदी कार्यालयी प्रशिक्षण प्रदान करना तथा उनकी कठिनाइयों को दूर करना चाहते हैं ताकि हिंदी और हिंदी में कार्य करने के प्रति उनका रूझान और बढ़े; हम तो इसके लिए समर्पित हैं ही।

"हिंदी पूरे राष्ट्र को एकसूत्र में पिरो सकती है"

2 / 103, प्रथम तल, राधेपुरी एक्सटेंशन-II, निकट जगतपुरी चौक, कृष्णा नगर, नई दिल्ली–110051
2/103, Ist Floor, Radhey Puri Extn.-II, Near Jagat Puri Chowk, Krishna Nagar, New Delhi-110051
मोबाइलः 09910363333, 09312282302 फोनः 011–22520353, 64667740
वेबः www.rakamimission.org ई–मेलः rakami.mission@gmail.com

# एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला/कार्यालयी हिंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा

| | |
|---|---|
| सुबह 11.00 बजे से 11.30 बजे | उद्घाटन सत्र |
| सुबह 11.30 बजे से 1.00 बजे | **प्रथम सत्र** |
| दोपहर 1.00 बजे से 2.00 बजे | दोपहर का भोजन |
| दोपहर 2.00 बजे से 3.30 बजे | **द्वितीय सत्र** |
| दोपहर 3.30 बजे से 4.00 बजे | जलपान |
| शाम 4.00 बजे से समापन सत्र | |

**समापन सत्रः** अतिथिगण, प्रशिक्षकों का सम्मान, प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार वितरण

**मंत्रालय/विभाग/उपक्रम/निगम/बैंक आदि द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाएं**
ऑडिटोरियम/कांफ्रेंस हॉल
प्रोजैक्टर (कम्प्यूटर/लैपटॉप)–स्क्रीन एवं साउंड सिस्टम सहित
उद्घाटन संबंधित व्यवस्था (जैसा उचित लगे)
दोपहर का भोजन–जलपान (जैसा उचित लगे)

**राकामि द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाएं**
संकाय सदस्यों/प्रशिक्षकों की व्यवस्था
प्रोजैक्टर से दिखाई जाने वाली समस्त सामग्री
पृष्ठभूमि का बैनर
समस्त प्रतिभागियों को फोल्डर, अध्ययन सामग्री (पुस्तक, नोटबुक एवं पैन, टिप्पणी स्लिप आदि)
समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र
समस्त प्रतिभागियों को समृति–चिन्ह
परीक्षार्थियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं प्रोत्साहन पुरस्कार (तीन)

**संबंधित कार्यालय राकामि को उसके द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं के लिए प्रतिभागियों की संख्या पर आधारित अपने कार्यालय के स्वीकृत बजट के अनुरूप भुगतान करेगा।**

(यह भुगतान अग्रिम होगा तथा इसमें टीडीएस कटौती नहीं की जाएगी)

# राजभाषा कार्यान्वयन एवं प्रशिक्षण मिशन (राकामि)

## आप एक दिवसीय कार्यक्रम के लिए निम्न में से भी कोई दो विषय चुन सकते हैं।

| | |
|---|---|
| **पहला सत्र**<br>❑ आवश्यक व्याकरण<br>- शब्द निर्माण की प्रक्रिया<br>- वाक्य निर्माण की प्रक्रिया<br>❑ कार्यालयी साहित्य और अनुवाद | **दूसरा सत्र**<br>❑ टिप्पण<br>❑ ज्ञापन<br>❑ प्रतिवेदन<br>❑ प्रारूपण<br>❑ बेसिक कंप्यूटर जानकारी |
| **तीसरा सत्र**<br>❑ पत्र व्यवहार के विविध रूप<br>- आवेदन<br>- पदाधिकारियों से पत्र व्यवहार<br>❑ परिपत्र<br>❑ पृष्ठांकन<br>❑ तिमाही रिपोर्ट भरना | **चौथा सत्र**<br>❑ अधिसूचना<br>❑ संकल्प<br>❑ प्रेस विज्ञप्ति/प्रेस नोट<br>❑ कार्यालय आदेश<br>❑ कंप्यूटर परिचालन एवं हिन्दी टाइपिंग |
| **पांचवां सत्र**<br>❑ अनुस्मारक<br>❑ आवेदन पत्र<br>❑ सूचना/अधिसूचना<br>❑ रिक्त स्थान | **छठा सत्र**<br>❑ निविदा<br>❑ नीलामी<br>❑ विज्ञापन |
| **सातवां सत्र**<br>❑ शब्दावली प्रयोग<br>- नई शब्दावली के उच्चारण स्तर<br>- सुलभता संबंधी दृष्टिकोण<br>- विदेशी शब्दों की हिन्दी उच्चारण समरूपता<br>- प्रशासनिक, वैज्ञानिक, तकनीकी, बैंकिंग, विधि आदि शब्दावली<br>- पद एवं विभागों के नाम<br>- प्रमुख वाक्यांश | **आठवां सत्र**<br>❑ अनुवाद के संदर्भ में विशेष बातें<br>❑ अनुवाद संबंधी समस्याएं एवं समाधान<br>❑ इंटरनेट की जानकारी, इंटरनेट सर्फिंग, ईमेल, ब्राउज़िंग (फेसबुक) आदि |

डॉ. के. रामाचन्द्रन
निदेशक
Dr. K. Ramachandran
Director

सत्यमेव जयते

भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय
रक्षा अनुसंधान तथा विकास संगठन
रक्षा मनोवैज्ञानिक अनुसंधान संस्थान
लखनऊ रोड, तिमारपुर, दिल्ली - 110 054
Government of India, Ministry of Defence
Defence Research & Development Organisation
**Defence Institute of Psychological Research**
Lucknow Road, Timarpur, Delhi - 110 054

अ.स.प.स. / DO No 2059/निदेशक/डी०आई०पी०आर/एम०डी०
दिनांक / Dated 14 अगस्त 2015

आदरणीय,
श्री पवन कुमार जैन

**हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला के आयोजन के संदर्भ में ।**

भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालनार्थ राजभाषा के कार्यान्वयन तथा प्रचार एवं प्रसार को बढ़ावा देने के उदेश्य से आपके सहयोग से हमारे कार्यालय में दिनांक 14 अगस्त 2015 को एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला में हमारे संस्थान से अधिकारियों/ कर्मचारियों ने भाग लिया । यह कार्यशाला सारगर्भित पाठ्यक्रम विशेषतः संसदीय राजभाषा निरीक्षण प्रश्नावली ( तिमाही रिपोर्ट ), पत्र व्यवहार के विविध रूप आदि में उदेश्यपूर्ण रही । आपके द्वारा दी गई पाठ्यसामग्री और वक्ताओं द्वारा दी गई जानकारी हमारे संस्थान के अधिकारियों / कर्मचारियों के लिए लाभप्रद रही । इससे प्रतिभागियों को वास्तव में बहुत कुछ सीखने एवं समझने का अवसर मिला । राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार में आपका योगदान प्रशंसनीय है ।

धन्यवाद

के. रामाचंद्रन

श्री पवन कुमार जैन
माननीय अध्यक्ष
राजभाषा कार्यान्वयन एवं प्रशिक्षण मिशन ( राकामि )
नई दिल्ली

दूरभाष/Phone . 011-23923560 फैक्स/Fax : 011-23916980 ई-मेल/e-mail : ramachandran@dipr.drdo.in




दिनांक 14 अगस्त, 2015 को डीआईपीआर, डीआरडीओ, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार में राजभाषा कार्यान्वयन एवं प्रशिक्षण मिशन (राकामि) के सहयोग से आयोजित हिंदी कार्यशाला की झलकियां

इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लि.
*(भारत सरकार का उद्यम)*

**ENGINEERING PROJECTS (INDIA) LTD.**
*(A Government of India Enterprise)*

डीएलआई/राजभाषा-13

07 जुलाई, 2015

सेवा में,

**माननीय अध्यक्ष**,
राजभाषा कार्यान्वयन एवं प्रशिक्षण मिशन (राकामि.)
नई दिल्ली

**विषय : <u>हिंदी प्रशिक्षण कार्यशाला के आयोजन के संदर्भ में ।</u>**

भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालनार्थ राजभाषा कार्यान्वयन को अधिक बढ़ावा देने के उद्देश्य आपके सहयोग से हमारे कार्यालय में दिनांक 11 जून, 2015 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया था। इस कार्यशाला में हमारे कार्यालय से अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया तथा आपके द्वारा दिए गए हिंदी का प्रगामी प्रचार सही मायने में सारगर्भित और उद्देश्यपूर्ण रहा। हमें आशा है कि उपरोक्त ज्ञान का हमारे अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा कार्यान्वयन किया जाएगा। आपके द्वारा दी गई पाठ्यसामग्री और वक्ताओं द्वारा दी गई जानकारी हमारे अधिकारी/कर्मचारियों के लिए लाभप्रद रही है। इससे प्रतिभागियों को वास्तव में बहुत कुछ सीखने एवं समझने का अवसर मिला। हिंदी के प्रचार-प्रसार में आपका योगदान प्रशंसनीय है।

धन्यवाद ।

संजीव गुप्ता

**(संजीव कुमार गुप्ता)**
कार्यकारी निदेशक (व्यापार विकास)
एवं अध्यक्ष, रा.का.सं.

हिन्दी देश की राष्ट्रभाषा, बनायें इसे जनभाषा।

**कारपोरेट कार्यालय :** कोर–3, स्कोप कॉम्प्लैक्स, 7, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110 003; **Corporate Office :** Core-3, Scope Complex, 7, Lodhi Road, New Delhi - 110 003
दूरभाष/Tel. : +91-11-24361666 फैक्स/Fax : +91-11-24363426 ई–मेल/E-mail : epico@epi.gov.in वेबसाइट/Website : www.epi.gov.in, CIN-U27109 DL1970 GOI117585
**(A MINI RATNA - ISO 9001 : 2008, ISO 14001 : 2004 & OHSAS 18001 : 2007 CERTIFIED)**




राजभाषा कार्यान्वयन एवं प्रशिक्षण मिशन (राकामि) द्वारा दिनांक 11 जून, 2015 को इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लि., नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित हिंदी कार्यशाला की झलकियां

ओएनजीसी विदेश
ओ. एन. जी. सी. विदेश लिमिटेड
**ONGC VIDESH LIMITED**
Corporate Identity No. : U74899DL1965GOI004343

6th Floor,
Kailash Building,
26, Kasturba Gandhi Marg,
New Delhi-110 001 INDIA
Website: www.ongcvidesh.com

Phones : 91-11-41291309
Fax : 91-11-23730369

संख्या : ओवीएल/हिन्दी कार्यशाला/3/15 **7 अक्तूबर, 2015**

श्री पवन कुमार जैन
अध्यक्ष
राजभाषा कार्यान्वयन एवं प्रशिक्षण मिशन
2/103, प्रथम तल, राधेपुरी एक्सटेंशन–2
दिल्ली–**110051**

<u>हिन्दी प्रशिक्षण कार्यशाला के आयोजन के संदर्भ में</u>

भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुपालनार्थ राजभाषा के कार्यान्वयन तथा प्रचार–प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आपके सहयोग से दिनांक 21 सितंबर 2015 को हमारे कार्यालय में एक दिवसीय हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया था । इस कार्यशाला में हमारे संस्थान की ओर से उच्चाधिकारियों ने भाग लिया । यह कार्यशाला सारगर्भित पाठ्यक्रम विशेषतः संसदीय राजभाषा निरीक्षण प्रश्नावली (तिमाही रिपोर्ट), पत्र व्यवहार के विविध रूप, आदि जैसे विभिन्न विषयों के संदर्भ में उद्देश्यपूर्ण रही । आपके द्वारा प्रदान की गई पाठ्य सामग्री तथा वक्ताओं द्वारा प्रदान की गई जानकारियां हमारे संस्थान के उच्चाधिकारियों के लिए अत्यंत लाभप्रद रही । इससे प्रतिभागियों को वास्तव में काफी कुछ सीखने को मिला तथा उन्हें राजभाषा के उपयोग से संबंधित वास्तविकता को समझने का अवसर प्राप्त हुआ । इस प्रशिक्षण कार्यशाला से जो ज्ञानार्जन हुआ वह ओएनजीसी विदेश में हिन्दी के प्रयोग एवं प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान करेगा । राजभाषा हिन्दी के प्रचार–प्रसार के क्षेत्र में आपका योगदान सराहनीय व अत्यंत प्रशंसनीय है ।

सधन्यवाद,

अजीत देशवाल
7/10/15

(अजीत कुमार देशवाल)
अधिशासी निदेशक




राजभाषा कार्यान्वयन एवं प्रशिक्षण मिशन (राकामि) द्वारा दिनांक 21 सितंबर, 2015 को ओएनजीसी विदेश लिमिटेड, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित हिंदी कार्यशाला की झलकियां





















दिनांक 19 अक्टूबर, 2015 को सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार में राजभाषा कार्यान्वयन एवं प्रशिक्षण मिशन (राकामि) के सहयोग से आयोजित हिंदी कार्यशाला की झलकियां